एक नजर में

भव्य कावड़ यात्रा 18 जुलाई को

बड़नगर। श्री बुद्धेश्वर महादेव मित्र मंडल बम बम भोला परिवार द्वारा विगत 7 वर्षों से भव्य कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें उत्साह के साथ बड़ी संख्या में कावड़ यात्री शामिल होते है। इस वर्ष भी श्री बुद्धेश्वर महादेव मित्र मंडल बमबम भोला परिवार द्वारा कावड़ यात्रा 18 जुलाई 2025, शुक्रवार को प्रात: 9 बजे श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर से निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए बम बम भोला परिवार के अशोक गेहलोत ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर बड़नगर से महाकाल मंदिर उज्जैन तक निःशुल्क कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें उज्जैन पहुंचकर महाकाल का जलाभिषेक किया जावेगा। गेहलोत ने बताया कि यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं को साड़ी व कलश एवं पुरुषों को टी-शर्ट नि:शुल्क वितरित किये जावेंगे। कावड़ यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है वहीं कावड़ यात्रियों को लाने की व्यवस्था अलग से की गई है। बम बम भोला परिवार ने समस्त शिव भक्तों से कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिये अपना पंजीयन शीघ्र कराने का अनुरोध किया है।

गुरु पाद पूजन के साथ, भंडारे का आयोजन

घट्टिया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को लवखेड़ी हनुमान धाम पर आश्रम के गादीपति महंत 1008 सियाराम दास त्यागी के सानिध्य में गुरु पाद पूजन व हनुमान जी के चोला श्रृंगार के साथ ही भंडारे का आयोजन होगा। वहीं औदिच्य ब्राह्मण धर्मशाला में कथा वाचक पंडित संतोष व्यास के सानिध्य में गुरु पूजन व भंडारे का आयोजन होगा।

11 पौधे रोपकर मनाया पौधों का जन्मदिवस

उज्जैन। पूज्य गोपालराव सोनोने सेवाश्रम के संस्थापक एवं युवा मंच सत्संग समिति के उपाध्यक्ष महेश सोनोने ने पौधों का जन्म दिवस युवा मंच सत्संग समिति के तत्वाधान में मनाया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि इस मौके पर बीजारोपण के साथ 11 पौधे रोपण कर समाजसेवी, पर्यावरणप्रेमी, पृथ्वी का श्रृंगार करने वाले महेश सोनोने का जन्मदिन भी मनाया। हिरदेश्वर महादेव मंदिर हीरा मिल, परिसर में भगवान हिरदेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच की वरिष्ठ प्रतिभा अग्निहोत्री टीम द्वारा हृदेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर भजन कीर्तन किए। सेवा श्रम के भक्तों ने प्रसादी का आनंद लिया। संत संस्कार समिति के अध्यक्ष श्याम महेश्वरी, वरिष्ठ विट्ठल नागर, समिति के समस्त पदाधिकारी ने महेश सोनोने का शॉल श्रीफल, साफा बांधकर सम्मान किया। युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन के पदाधिकारी अध्यक्ष मनोहर परमार, संस्थापक गोपाल बागरवाल, अजीत मंगलम, धनीराम रैकवार, हरिसिंह यादव, रवि राय, पंडित संतोष शर्मा, अशोक कपूर, रूपसिंह बुंदेला, लोकेन्द्र चौहान, मुकेश भाटी, दीपक राव, यशवंत राव, धर्मेंद्र जैन, महेश गुप्ता, गणपत राणा, पप्पू शर्मा, उज्जैन माली समाज के वरिष्ठ लीलाधर आड़तिया, शिवनारायण जागीरदार, ओम जिया आरोड, ओम रानी, किशोर भाटी, महेंद्र रामी, हेमराज परमार, लक्ष्मण पटेल, मोतीलाल चौहान, मांगीलाल राजनोद, महिला मंच सत्संग समिति की संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष पिंकी यादव, सचिव लक्ष्मी लश्करी, भारती गुप्ता, कविता राय ने महेश सोनोने का सम्मान किया। यह आयोजन विगत 25 वर्षों से निरंतर शहर के धार्मिक स्थलों पर चल रहा है। आने वाले दो माह तक वृक्षारोपण का कार्यक्रम सतत चलता रहेगा।

डीएफए उज्जैन की बैठक में फुटबॉल विकास पर गंभीर मंथन

उज्जैन। जिला फुटबॉल संघ (डीएफए) उज्जैन की महत्वपूर्ण बैठक मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ (एमपीएफए) के उपाध्यक्ष विजय प्रकाश ऊषारिया एवं डीएफए अध्यक्ष देवव्रत यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएफए से पंजीकृत 18 क्लबों में से 12 क्लबों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में स्थानीय फुटबॉल मैदानों की कमी, खिलाड़ियों के पंजीयन में पारदर्शिता, बाहरी क्लबों द्वारा खिलाड़ियों को बहकाने पर चिंता, और प्रत्येक मैदान पर टूर्नामेंट आयोजन जैसे अनेक अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। आगामी 1 से 7 अगस्त तक स्व. श्री महेन्द्र चतुर्वेदी जी की स्मृति में डीएफए टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा, जिसका प्रथम पुरस्कार 7501 तथा द्वितीय पुरस्कार 3501 रखा गया है। बैठक में पंजीयन प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु एक चार सदस्यीय सहायता समिति एवं टूर्नामेंट संचालन हेतु आयोजन समिति का गठन भी किया गया। बैठक का समापन उज्जैन में फुटबॉल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ किया गया।

तेरा तुझको अर्पण, गुरु पूर्णिमा पर करेंगे मातृ-पितृ चरण पूजन

उज्जैन। सामाजिक संस्था तेरा तुझको अर्पण सेवा संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा पर मातृ-पितृ चरण पूजन वन्दन किया जावेगा। जन्मदाता गुरू माता पिता के चरण पूजन कार्यक्रम में 500 से अधिक श्रद्धालुजन उपस्थित रहेंगे।

संस्था अध्यक्ष धनन्जय शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर हीरा मिल मार्ग स्थित मनोरमा गार्डन पर संस्था के मातृ-पितृ चरण उपासना पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत चरण पूजक परिवारो द्वारा अपने अपने प्रथम गुरू माता पिता के चरणो का पूजन किया जावेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत पवित्र जल से माता पिता के चरणो को परिजनों द्वारा धोकर फिर दूध व पवित्र जल से पुनः धोकर शुद्ध कपडे से चरण पोंछ कर चरणो मे इत्र लगाकर कुमकुम, हल्दी, अबीर, गुलाल, चंदन, चांवल पुष्पो से पूजन किया जावेगा। सभी चरण पूजक परिजनो द्वारा माता पिता के मस्तक पर तिलक लगाकर पगडी पुष्पमाला, मोती माला, दुपट्टा पहनाकर श्रीफल भेंट करने के साथ पूजको द्वारा पुष्प की पंखुडियो से अर्चन वन्दन किया जावेगा। इसके पश्चात माता पिता की आरती करने के साथ उन्हे साष्टांग दण्डवत प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया जावेगा। शर्मा ने बताया की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियो द्वारा देवगुरु बृहस्पति एवं श्रवणकुमार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जावेगा। कार्यक्रम में मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार के चित्र एवं बडी काष्ठ की चरण पादूका रहेगी। पूरे परिसर में माता पिता की सेवा के बोधवाक्य उनसे संबंधित कविताओ मंत्रो की पट्टिकाऐ लगी रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर गुरू माता पिता से संबंधित भावनात्मक गीत-संगीत भजन मंत्र की मधूर आवाज उक्त गरिमामय कार्यक्रम को माधुर्यपूर्ण भावपूर्ण वातावरण से सुशोभित करेगी। विद्वान पंडितो द्वारा स्वास्तिवाचन, आयुष्मान, आरोग्यवान, गुरूमंत्रो का वाचन कर पूजन विधि संपन्न कराई जावेगी। कार्यक्रम के अंत में 500 से अधिक श्रद्धालु अपने माता पिता परिजनो आगंतुक अतिथियो, मार्गदर्शको के साथ भोजन प्रसादी भी ग्रहण करेगे।

बेटियों के सम्मान, नारीशक्ति की मजबूती पर जोर

उज्जैन। लायंस क्लब उज्जैन डायनामिक का संस्थापन समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ थे। शपथ अधिकारी 3233 जी 1 के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन योगेंद्र रूनवाल द्वारा लायन आनंद माहेश्वरी को अध्यक्ष, लायन घनश्याम मारू को सचिव, लायन अनिल गुप्ता को कोषाध्यक्ष एवं सभी पदों की सदस्यों को शपथ दिलाई गई। विशेष अतिथि उज्जैन उत्तर विधायक अनिल कालूहेड़ा, भाजपा उज्जैन अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मुख्य वक्ता वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2 पीएमजेएफ लायन पंकज मारू रहे। विधायक श्री जैन ने अपने वक्तव्य में बेटियों के सम्मान, नारी शक्ति की मजबूती पर जोर दिया। इस अवसर पर रीजन चेयरमैन लायन प्रदीप यादव, झोन चेयरमैन लायनेस श्वेता भार्गव, क्लब सदस्य लायन गोविंद यादव, ला. उमाशंकर पाटीदार, ला. निलेश जैन, ला. राजेश बंसल, ला. राजेंद्र यादव, ला. अश्विन मारू आदि उपस्थित रहे। संचालन लायन राजेश गर्ग एवं लायन अजय जसोरिया ने किया।

नकली खरपतवार छिड़कने की दवाई से सोयाबीन नष्ट

कृषि अधिकारियों ने किया निरीक्षण बनाया पंचनामा

महिदपुर। प्रशासनिक अमल कितना सजग है। इस बात का उदाहरण यहां देखा जा सकता है। जिसमें समीपस्थ ग्राम में एक किसान की पूरी की पूरी सोयाबीन की फसल ही नष्ट हो गई। अब अधिकारियों की टीम उसका निरीक्षण करने आई है।

जबकि होना यह चाहिए था कि अनेक बार संभागायुक्त से लेकर कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों ने अनेक बार समझाइश दी थी कि नकली खाद बीज की जांच के लिए कृषि अधिकारी जाएं और निरीक्षण करें ताकि किसानों को नुकसान ना हो। लेकिन अधिकारियों ने एक दो दुकानों पर जांच की और अपने कर्त्तव्य की इतिश्री कर ली। अब उस किसान पर क्या बीती होगी जिसकी करीब 10 बीघा में बोई गई सोयाबीन नकली दवाई के लिए नष्ट हो गई और ना ही खरपतवार भी समाप्त नहीं हुआ।

हम बात कर रहे हैं महिदपुर के समीपस्थ ग्राम कामलीखेड़ी की जहां पर गंगाराम पिता मोतीराम की फसल पूरी तरह सूख गई। किसान ने जिस दुकान से दवाएं खरीदी थी उसका नाम अंबिका ट्रेडिंग कंपनी घोंसला है। इस मामले में डूंगर सिंह आंजना किसान एकता संघ तहसील अध्यक्ष ने बताया कि इनकी फसल में खरपतवार पूरी तरह बच गई और फसल को नुकसान हो गया दुकान का नाम मां कृपा तनोडिया जहां से दवाई खरीदी गई थी। किसान एकता संघ तहसील अध्यक्ष डूंगर सिंह आंजना कमलियाखेड़ी और ईश्वर सिंह आंजना पिता कचरू सिंह आंजना ने खरपतवार नाशक से खरपतवार पूरी तरह बच गई और फसल को पूरी तरह नुकसान हो गया दुकान का नाम किसान बाजार महिदपुर है। ऐसी नकली दवाएं बेचने वाली दुकानों पर अगर समय रहते जांच होती तो इन किसानों का आज नुकसान नहीं हुआ होता।

इस मौके पर कामलीखेड़ा में सर्वे करने आए अधिकारी कमलेश राठौड़ सहायक संचालक, जेएस चौहान, एसडीएम महिदपुर सु श्री पायल, भूपसिंह, विजय मौर्य, मयंक सिंह चौहान के साथ क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी आदि अधिकारियों ने नष्ट हुई फसल का निरीक्षण कर पंचनामा भी इस दौरान बनाया है।

बड़नगर से खरसौदकलां 18 किलोमीटर मार्ग क्षतिग्रस्त

पूर्व जनपद सदस्य गोपाल चौधरी मीठीखेड़ी ने सौंपा ज्ञापन

बड़नगर। बड़नगर से ग्राम जांदला खरसौदकलां मार्ग अत्यंत क्षतिग्रस्त हो गई है। बारिश के चलते मार्ग पर वाहनों के फिसलने से ग्रामीण जन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है।

जिसको लेकर पूर्व जनपद सदस्य एवं ब्लाक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल चौधरी के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार माला राय को सौपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बड़नगर से ग्राम जादला होकर, पचलानाबील रावदिया खरसौदकलां तक करीब 18 किलो मीटर मार्ग अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है। बारिश के चलते संपूर्ण मार्ग कीचड़ से सराबोर है। जिसके कारण दो पहिया, चार पहिया वाहनों के आवागमन में काफी परेशानी आ रही है। पूरे मार्ग पर बरसात का पानी भर चुका है। जिसके चलते वाहन चालकों के फिसलने से हाथ पैरो मे चोट आ चुकी है।

उक्त मार्ग से कई ग्राम लगे हुए है जिसके कारण प्रतिदिन स्कूल बस, मैजिक, ट्रेक्टर सहित कई वाहनों का आगमन होने से इस मार्ग पर वाहनों का काफी दबाव है। ऐसे मे कोई बड़ी दुर्घटना का अंदेशा हमेशा बना रहता है, जिसे अतिशीघ्र निर्माण करना आवश्यक है।

ज्ञापन के दौरान प्रेमचंद द्वितीय, गोवर्धन सरपंच, अजगर पटेल, गोपाल सरपंच, दिनेश सनोलिया, भंवरलाल मीठीखेड़ी, बद्रीलाल मीठी खेड़ी, कालूजी आदि उपस्थित थे।

श्रावण मास में होंगे 7 करोड़ ओम नमः शिवाय के जाप

उज्जैन। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास में ओम नमः शिवाय जप समिति एवं श्री हरि आध्यात्मिक सेवा संस्थान द्वारा ओम नमः शिवाय के जाप किये जाएंगे। इस वर्ष भी 7 करोड़ ओम नमः शिवाय जप करने का लक्ष्य रखा गया है।संयोजक हरिसिंह यादव, रवि राय ने बताया कि वर्ष 2016 से लगातार ओम नमः शिवाय जप समिति श्रावण मास में शिव नाम जप कर रही है।

वाल्मिकीधाम पीठाधीश्वर उमेश नाथ महाराज की प्रेरणा से एवं स्थानीय सभी महामंडलेश्वर, संतों, महात्माओं के आशीर्वाद एवं सानिध्य में इस वर्ष भी मठ, मंदिर, स्कूल, कॉलेज, कॉलोनी एवं समिति सदस्यों के निवास पर प्रतिदिन ओम नमः शिवाय का जाप का कार्यक्रम किया जाएगा। ओम नमः शिवाय जाप संगीत की धुन पर लगातार किया जाता है। प्रथम दिवस 11 जुलाई को इसका शुभारंभ वाल्मिक धाम पीठाधीश्वर संत श्री उमेश नाथ जी महाराज के द्वारा किया जाएगा।

नमः शिवाय जप का कार्यक्रम

वाल्मिकी धाम पर ओम नमः शिवाय जप का कार्यक्रम होगा। हरि यादव, रवि राय ने कहा कि इस बार और भी सहयोगी संस्थाओं को प्रेरित करके उनके सदस्यों के निवास पर यह जाप किया जाएगा। इस बार 7 करोड़ के लगभग ओम नमः शिवाय जप करने का लक्ष्य रखा गया है। महाराजश्री की प्रेरणा से अन्य राज्यों, शहरों में भी ओम नमः शिवाय का जाप उनके भक्तों के द्वारा किया जाएगा।

हिन्कारगिरी पर्वत पर पार्श्वनाथ दर्शन कर की अच्छे मानसून की कामना

उज्जैन। अरिहंत सोश्यल ग्रुप द्वारा ग्रुप सदस्यों को एक दिवसीय यात्रा कराई गई। यात्रा की शुरुआत हिन्कारगिरी पर्वत स्थित भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन से हुई, जहां सभी संस्था सदस्यों ने मिलकर उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में अच्छे मानसून के लिए नवकार महामंत्र का जाप किया। यात्रा संयोजक संस्था अध्यक्ष गुणवंत शाह एवं सचिव दिनेश सोलंकी रहे। संस्था संयोजक राजेन्द्र चेलावत ने बताया संस्था विगत 20 वर्षों से अपने सदस्यों को समय समय पर धार्मिक एवं मनोरंजक यात्रा कराने के लिए संकल्पित हैं। अध्यक्ष गुणवंत शाह ने बताया आगामी माह में जैन समाज का सबसे बड़ा त्यौहार पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व आने वाला है, ग्रुप हमेशा की तरह इस बार भी प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान के अंतर्गत सभी जिनालयों में कपड़े की थैलियों का वितरण करेगा। जानकारी संस्था सचिव आशिष नांदेचा ने दी। इस अवसर पर रजनी सुभाष सोनी, उषा सुरेश जैन, सुमन दिलीप कोठारी, प्रेमलता प्रकाश बोथरा, ज्योति राजेन्द्र नरेलिया, तन्मय सिमरन शाह, ऋषिका पुलकित जैन, आशा राजेन्द्र पालरेचा, निहारिका अशोक बांठिया, इना लोकेश जैन, अल्का हेमन्त जैन, प्रकाश बाफना, सीमा शाह, मोनिका चेलावत आदि ग्रुप सदस्य मौजूद थे। यात्रा में सभी सदस्यों ने नव संचालित इंदौर मेट्रो ट्रेन के सफर का भी लुफ्त उठाया। इसके बाद सभी दंपति सदस्यों ने एक्का इमेजिका वाटर पार्क में आनंद किया।

नागदा व्यापारी संघ द्वारा नक्षत्र में दरिद्र नारायण की सेवा की

नागदा। नागदा व्यापारी संघ द्वारा राजीव कॉलोनी स्थित अन्य क्षेत्र में दरिद्र नारायण की सेवा की गई। संघ के सभी सदस्यों द्वारा नक्षत्र स्थित भगवान शिव का पूजन के उपरांत दरिद्र नारायण को विशेष भोजन कराकर नक्षत्र का संचालन कर रहे तिवारी एवं उनके सहयोगियों को छता एवं रेन कोट भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महा व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं नागदा व्यापारी संघ के मुख्य संरक्षक दिनेश अग्रवाल जी का सभी सदस्यों एवं गणमान्य उपस्थित नागरिकों द्वारा स्वागत कर उनके जन्मदिन की बधाई प्रेषित की गई। दरिद्र नारायण को भोजन का लाभ दिनेश अग्रवाल परिवार द्वारा लिया गया।

इस अवसर पर ऑटो डील संघ के अध्यक्ष गोपाल सलूजा, मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष अंकित सेठिया, नागदा व्यापारी संघ अध्यक्ष पंकज नामदेव, सचिव दिलीप सोनगरा, संरक्षक प्रेम पोरवाल, हरीश अग्रवाल, संजय मंत्री, बंसी बघेल, विकास पोरवाल, नीलेश अग्रवाल, नीलेश मेहता, आनंद पोरवाल, कमल ज्ञानचंदानी, शिव नारायण सोलंकी, विकास सिंगला, अमित जैन, राहुल अग्रवाल, प्रभात बर्वे एवं व्यापारी संरक्षक सज्जन सिंह शेखावत, संयोजक दिलीप कांठेड़, गोपाल पोरवाल, राजेश गगरानी, आशीष वोरा, मनीष पोरवाल, अनिल पोरवाल सचिव, रणछोड़ राठी, नंदकिशोर गेहलोत, गणेश राठौड़, टेंट अध्यक्ष राकेश राठौर, कमलनयन जैन, मनीष जैन एवं व्यापारी तथा समाजसेवी मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

औदिच्य समाज अध्यक्ष डॉ. रावल को भ्रातृ शोक

नागदा। स्वर्गीय डॉ. सत्यनारायण जी रावल नागदा जं. के सुपुत्र एवं डॉ रमेश चंद्र रावल के भतीजे, डॉ. प्रदीप रावल औदिच्य समाज नागदा अध्यक्ष के अनुज तथा आनंद रावल के पूज्य पिता डॉ. सुनील रावल का अस्वस्थता के चलते इंदौर में देवलोकगमन 4 जुलाई को हो गया है। पूर्व में उन्होंने अपने गृह नगर नागदा में कई वर्षों तक विलनिक तथा शिक्षण संस्था का भी संचालन कर सेवाएं प्रदान की थी। 7 जुलाई, रात्रि 8 बजे से प्रकाश नगर स्थित समाज की धर्मशाला में पुष्पांजलि कार्यक्रम में समाज जन, नगर के चिकित्सक, इष्ट मित्र, स्नेही जन, युवा संगठन एवं पारिवारिक सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई। जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

पुण्यतिथि **बस यूं समझ लीजिए की हास्य प्रेमियों की उपस्थिति ही जीवन के लिए पेरासिटामोल है**

पं. ओम व्यास ओम की पुण्यतिथि पर हुई व्यंग्य की बौछारें

उज्जैन। पंडित ओम व्यास ओम की 16वीं पुण्यतिथि पर व्यंग्य की बौछारों, हास्य की तालियों की गड़गड़ाहट, ठहाकों की सुनामी लहर से ओम व्यास ओम को ओम प्रेमियों ने हास्यांजलि प्रदान की।

संयोजक स्वामी मुस्कुराके ने अपनी विशिष्ट शैली में आगाज करते हुए मुस्कुराया की हास्य प्रेमियों का ठहाके लगाना बहुत अनमोल है..बस यूं समझ लीजिए की हास्य प्रेमियों की उपस्थिति ही जीवन के लिए पेरासिटामोल है। ओम हास्याय नमः द्वारा हास्याचार्य पंडित ओम व्यास ओम की स्मृति में शौर्य का सिंदूर सम्मान देवास के अंतरराष्ट्रीय कवि शशिकांत यादव को प्रदान किया। व्यंग्य का तंदूर अलंकरण तराना के डॉ. विक्रम विवेक एवं हास्य का लंगूर नागदा के कैलाश सोनी सार्थक को नवाजा गया। हास्यांजलि समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम उज्जैन की सभापति कलावती यादव थी। अध्यक्षता स्वस्थ संसार केंद्र के अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव ने की। कलावती यादव ने शाल, श्रीफल, दुपट्टा आकर्षक स्मृति चिन्ह एवं अलंकरण द्वारा कवियों का विशिष्ट अभिनंदन किया। अंतर राष्ट्रीय कवि शशिकांत यादव ने अपने विशिष्ट अंदाज मे पाकिस्तान पर तंज करते हुए कहा कि कहा कि ... छोड़ गए थे, दिल तोड़ कर गए थे, मालिक नहीं हो वहां सिर्फ मजदूर हो...दो-दो बार की पिटाई भूल गए प्यारे भाई.. एटम से अकड़े हो, बड़े मगरूर हो ..चीन अमेरिका के जाल में फंस रहे हो...दोगले पड़ोसी बन भाइयों से दूर हो ..मांगने से मिला है ना मिलेगा यह कश्मीर ...देखो आज पाक आटा मांगने को मजबूर है। डॉ. विक्रम विवेक ने मालवी छल्लो के माध्यम से काव्य रसिको को आनंदित करते हुए कहा कि...हमने चिट नी करी, जिका मजा आज आई रिया है और चिट का चक्कर में गाम में गन्नाटिया खाई रिया है..भणवा वाला भैया अपनी तकदीर काली मत करजो..परीक्षा में कभी चिट की धान्तालि मत कर जो। नागदा के कवि कैलाश सोनी सार्थक ने पति-पत्नी पर व्यंग्य करते हुए कहा कि ...अब हम शांति से रहेंगे पति-पत्नी में यह फैसला तगड़ा हुआ...और शांति से कैसे रहें इस बात पर जमकर झगड़ा हुआ। इस युग में प्रेम और अपनापन हम खोने लगे हैं, शांति से कैसे रहें इस पर झगड़ा होने लगे हैं। फुरसतिया भाषण व्यंग्यकार मुकेश जोशी ने माना। बढलो भाषण दिनेश विजयवर्गीय ने मुस्कुराया। आभार प्रदर्शन संजय व्यास ने व्यक्त किया। इस अवसर पर ओम व्यासजी के हेयर ड्रेसर रहे महेंद्र सेन दाऊ का अभिनंदन किया गया। हास्यांजलि समारोह में अंतरराष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज, अशोक भाटी, संतोष सुपेकर, रमेश चांगेसिया, सुरेंद्र सिंह राजपूत हमसफर, प्रोफेसर शैलेंद्र पाराशर,